2. विलोम शब्द



हँसना रोना निर्धन धनी

ऊपर दिए चित्रों में एक लड़का हँस रहा है तो दूसरा रो रहा है। इसी प्रकार ए
व्यक्ति धनी है तो दूसरा निर्धन। हँसना-रोना तथा धनी-निर्धन शब्द एक-दूसरे
विलोम अर्थात विपरीत अर्थ वाले शब्द हैं।

परिभाषा– वह शब्द जो एक-दूसरे का विपरीत/उल्टा अर्थ देते हैं, विलोम या 'विपरीतार्थक' शब्द कहलाते हैं।

TERM 1 अधिक से प्रसन्न

निम्नलिखित विलोम शब्दों को पढ़कर सम

शब्द	विलोम
अधिक	कम
अपना	पराया
अमीर	गरीब
धरती	आकाश
आदर	अनादर
आयात	निर्यात
आशा	निराशा
उचित	अनुचित
अंधकार	प्रकाश
स्वस्थ	अस्वस्थ
वीर	कायर
सच	झूठ
उत्थान	पतन
दिन	रात
राजा	रंक
सुगम	दुर्गम
हिंसा	अहिंसा
वरदान	अभिशाप
शांति	अशांति
मित्र	शत्रु
जय	पराजय
प्रसन्न	अप्रसन्न

अभ्यास

REVISION

1. नीचे दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द को रेखांकित कीजिए-

(क) अंधकार - किरण, प्रकाश, सवेरा
(ख) बहादुर - डरपोक, साहसी, वीर
(ग) पाप - हानि, पापी, पुण्य
(घ) राजा - मंत्री, रंक, संन्यासी
(ङ) शांति - शोरगुल, सखा, अशांति
(च) मित्र - दोस्त, सखा, शत्रु
(छ) जय - विजय, पराजय, पतन
(ज) आशा - उजाला, निराशा, मित्र

2. निम्नलिखित वाक्यों को रंगीन शब्दों के विलोम लिखकर पूरा कीजिए-

(क) जो लोग सही खान-पान नहीं अपनाते वे स्वस्थ नहीं रह अस्वस्थ हो जाते हैं।
(ख) सुख और दुख जीवन में आते-जाते रहते हैं।
(ग) क्या उचित है और क्या अनुचित इसका निर्णय करना कठिन है।
(घ) इस पुस्तक को आरंभ से अंत तक पढ़ते जाओ।
(ङ) असफलता से घबरा कर नहीं बैठना चाहिए, सफलता के लिए प्रयास करना चाहिए।

3. सही कथन पर (✓) तथा गलत कथन पर (✗) पर सही का निशान लगाइए-

(क) 'मित्र' का विलोम 'शत्रु' है। ✓
(ख) 'राजा' का विलोम 'नारी' है। ✗

(ग) 'सुगम' का विलोम 'दुर्गम' है। (✓)

(घ) 'आस्तिक' का विलोम 'स्वार्थी' है। (✗)

(ङ) 'मूर्ख' का विलोम 'बुद्धिहीन' है। (✗)

(च) 'लाभ' का विलोम 'हानि' है। (✓)

(छ) 'पाप' का विलोम 'धर्म' है। (✗)

(ज) 'निराशा' का विलोम 'आशा' है। (✓)

रचनात्मक कार्य

निम्नांकित चित्रों का विलोम शब्दों के आधार पर उचित मिलान कीजिए–

(क)

(i)

(ख)

(ii)

(ग)

(iii)

(घ)

(iv)

(ङ)

(v)